of helicopters to be managed independently by it in view of the fact that the organisation is spending huge amount on borrowing helicopters for operational and investigation/oil finding purposes and at times is faced with problem of non-availability of helicopters at crucial moments; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHR I M. S. GURUPADASWAMY): (a) and (b) No Sir. The Pawan Hans Limited had been established primarily for providing helicopters support to ONGC. The problem had arisen due to the grounding of the Westland helicopters of M/s. PHL from 21-12-89 for examinatton by an Expert Committee. The Government has accepted the recommendations of the Expert Committee to re-induct the Westland helicopters subject to certain restrictions in a phased manaer. The first two of these helicopters are to start operation at Bombay High by the end of this month, and this number would be raised eventually to seven.

पोलिएस्टर फिलामैन्ट यार्न यूनिट की स्थापना के लिए मध्य प्रदेश सरकार का प्रस्ताव

2885. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल उत्साही :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने भिण्ड जिले के मलानुपुर में संयुक्त क्षेत्र में एक पोलिएस्टर फिलामेंट यार्न यूनिट स्थापित किये जाने के लिए केन्द्रीय सरकार के पास कोई प्रस्ताव भेजा था; और

(ख) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रस्ताव कब तक स्वीकार किए जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम.एस. गुरुपदस्वामी) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम लि. (एमपीएवीएन) जिसके पास मध्य प्रदेश के जिला भिन्ड के मलनपुर नामक स्थान पर प्रतिवर्ष 25,000 टन क्षमता का एक पालिएस्टर फिलामेंट यार्न संयंत्र की स्थापना के लिए एक आशय पत्र है, को मे. गाडफ्रे फिलिप्स इंडिया लि०, नई दिल्ली के सहयोग से 309 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से इस संयंत्र को लगाने की अनुमति दी गई है।

मध्य प्रदेश में तेल शोधक कारखाने की स्थापना के लिए अनुरोध

2886. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल उत्साही :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में तेल शोधक कारखाना स्थापित करने के लिए मार्च अप्रैल में मंत्रालय से अनुरोध किया था ; और

(ख) यदि हां, तो उन पर केंद्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) जी, हां।

(ख) मध्य भारत में 6 मिलियन टन प्रतिवर्ष की क्षमता की एक ग्रास रूट रिफाइनरी लगाए जाने के संबंध में एक प्रस्ताव भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन से प्राप्त हुआ है, देश में अतिरिक्त शोधन क्षमता के सृजन और उसके स्थान के संबंध में निर्णय आठवीं योजना में निर्धारित किए जाने वाले परिव्यय पर निर्भर करेगा। अतः नई रिफाइनरी के संबंध में निर्णय आठवीं योजना को अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही लिया जाएगा।